<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>18.05.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे</u>

मुख्य समाचार''

- प्रदेश के 47 शहरी निकायों के चुनाव नतीजों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने मारी बाजी–4 नगर निगम चुनाव के परिणाम 31 मई को होंगे घोषित।

- शहरी निकायों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत को राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने बताया कार्यकर्त्ताओं की मेहनत व मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों की जीत।

- प्रदेश में आए शहरी निकायों के नतीजों के बाद भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ जीत करेगी दर्ज।

- लाहौल स्पीति की सांस्कृतिक धरोहर व पारंपरिक कला को सहेजने के लिए केलंग निवासी तंजिन बौद्ध अनसंग हीरोज अवार्ड से सम्मानित।

- धर्मशाला में हुए आईपीएल मैच में रॉयल चैंलजर्स बैंगलुरू ने पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ के लिए किया क्वालीफाई।

<u>चुनाव नतीजे</u>

प्रदेश के शहरी निकायों में कल हुए शांतिपूर्ण मतदान के बाद देर शाम तक नतीजे घोषित कर दिए गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर निगम धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी सहित 25 नगर परिषदों व 22 नगर पंचायतों में वोट डाले गए थे। देर शाम तक आए नतीजों के अनुसार भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने अधिकतर जगहों पर बाजी मारी है। कुल्लू जिला के मनाली नगर परिषद में सभी सात सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने विजय हासिल की है जबकि कुल्लू नगर परिषद की 11 सीटों में 3–3 पर भाजपा व कांग्रेस जबकि 5 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे। भुंतर नगर परिषद के 7 वार्डों में 3 पर भाजपा समर्थित जबकि 4 सीटों पर कांग्रेस और बंजार में 5 पर कांग्रेस समर्थित जबकि 2 वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे। प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 2 नगर निगम, धर्मशाला व पालमपुर के अलावा 5 नगर परिषद व एक नगर पंचायत के लिए वोट डाले गए। हमारे संवाददाता के अनुसार अधिकतर जगहों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इस बीच जिला कांगड़ा में नगर परिषद व नगर निकाय चुनावों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को कार्यकर्त्ताओं की

मेहनत व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनहितैषी नीतियों की जीत बताया है।

चुनाव नतीजे–2

इधर दूसरी ओर ऊना जिले में नगर निकाय के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 6 में से 4 निकायों पर अपना कब्जा जमाया है। वहीं चंबा नगर परिषद में आए परिणामों के अनुसार कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने कुल 6 सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि यहां पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार 5 सीटों पर सफलता हासिल कर सके।

सिरमौर जिले के नाहन नगर परिषद ने एक बार फिर भाजपा ने कब्जा कर लिया है। नगर परिषद के 13 वार्डों में से 7 वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। जीत के बाद भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अगुवाई में विजय जलूस निकाला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत सीधे तौर पर दर्शाती है कि प्रदेश में चल रही कांग्रेस समर्थित सरकार से लोग तंग आ चुके हैं।

चुनाव नतीजे–3

शिमला जिला के रामपुर में 9 वार्डों वाली नगर परिषद में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 5 सीटों पर पहली बार जीत दर्ज कर परिषद में अपना परचम लहराया है। वहीं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को 3 सीटों पर सफलता मिली है जबकि एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा। बिलासपुर नगर परिषद के 11 वार्डों में भाजपा ने 9 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। घुमारवीं नगर परिषद में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने ही सेंध मारी है। यहां पर कुल 9 वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों में 7 जबकि 2 पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। इसी तरह शाहतलाई में भाजपा समर्थित उम्मीदवार 5 जबकि 2 वार्डों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे। श्री नयना देवी जी नगर परिषद में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने सेंध मारी।

चुनाव नतीजे–4

मंडी जिले के सरकाघाट नगर परिषद के 3–3 वार्डों में भाजपा व कांग्रेस जबकि एक अन्य वार्ड पर आजाद उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। सुंदरनगर नगर परिषद के 13 वार्डों में 9 पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार जबकि 2 पर कांग्रेस समर्थित और 2 पर आजाद उम्मीदवार विजेता रहे हैं। नेरचौक नगर परिषद में कांग्रेस ने 8 वार्डों पर जीत हासिल की है। जबकि यहां पर भाजपा समर्थित एक उम्मीदवार विजयी रहा। इसी तरह जोगिन्द्रनगर नगर परिषद में 3 वार्डों में भाजपा समर्थित, 2 पर आजाद उम्मीदवार जबकि एक सीट पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी रहा।

सोलन जिला के परवाणू, नालागढ़ नगर परिषद में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने परचम लहराया है। जिले की अर्की व कंडाघाट नगर पंचायत में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने सेंध मारी है। इस बीच नगर निगम चुनाव के नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे।

आईपीएल धर्मशाला

धर्मशाला में कल खेले गए आईपीएल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 8 विकेट पर 198 रन ही बना सकी।

अवार्ड

लाहौल स्पीति की सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कला को सहेजने के लिए निरंतर कार्य कर रहे केलंग निवासी युवा सामाजिक उद्यमी तंजिन बौद्ध को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा अनसंग हीरोज अवार्ड से सम्मानित किया गया है। तंजिन बौद्ध और उनकी टीम लंबे समय से लाहौल की विलुप्त होती सांस्कृतिक विरासत को बचाने के प्रयासों में जुटी हुई है। उन्होंने अपने साथियों के सहयोग से एक 80 साल पुराने पारंपरिक घर को संरक्षित कर धरोहर केंद्र के रूप में विकसित किया है। इसके अलावा वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी लगातार कार्य कर रहे हैं।

सूर्य घर बिजली योजना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नाहन विधानसभा क्षेत्र का कोलर गांव आदर्श सौर गांव के लिए चयनित किया गया है। योजना के तहत सिरमौर जिला के 27 गांव का चयन किया गया था जिसमें सोलर पैनल लगाने की विभाग की योजना थी। एक रिपोर्ट

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने शहरी निकायों के चुनाव के नतीजों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल के 47 शहरी निकायों में से 21 पर भाजपा, 19 पर कांग्रेस समर्थित काबिज, सात में अन्य के हाथ चाबी। पंजाब केसरी ने लिखा है हिमाचल में 51 शहरी निकाय चुनाव में 69 दशमलव 16 प्रतिशत मतदान।

मौसम से जुड़ी खबर को दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है कल से 23 तक अधंड़, वर्षा और बिजली गिरने की चेतावनी।

सीबीएसई में अब पुनर्मूल्यांकन सस्ता शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है बोर्ड ने 12वीं की आंसरशीट देखने की फीस में भी की कटौती।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश के 47 शहरी निकायों के चुनाव नतीजों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने मारी बाजी–4 नगर निगम चुनाव के परिणाम 31 मई को होंगे घोषित।

- शहरी निकायों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत को राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने बताया कार्यकर्त्ताओं की मेहनत व मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों की जीत।

- प्रदेश में आए शहरी निकायों के नतीजों के बाद भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ जीत करेगी दर्ज।

- लाहौल स्पीति की सांस्कृतिक धरोहर व पारंपरिक कला को सहेजने के लिए केलंग निवासी तंजिन बौद्ध अनसंग हीरोज अवार्ड से सम्मानित।

- धर्मशाला में हुए आईपीएल मैच में रॉयल चैंलजर्स बैंगलुरू ने पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ के लिए किया क्वालीफाई।